गुरुवार
16 फरवरी, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक



दलित-गरीबों की आवाज बन रहा है गरीब संपर्क यात्राः मांझी 2

# महाशिवरात्रि पर तोरण द्वार लगाने को लेकर पांकी बाजार में बवाल, जमकर चले पत्थर

एजेंसी/पलामू

झारखंड के पलामू जिले के पांकी बाजार में महाशिवरात्रि पर तोरण द्वार लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान जमकर पत्थरबाजी हुई। बीच-बचाव करने गए कुछ पुलिसकर्मी समेत छह लोगों के घायल होने की सूचना है। हालांकि, अभी स्थिति नियंत्रण में है। इलाके में धारा 144 लगाई गई है। वहीं, पलामू प्रशासन ने पांकी हिंसा को लेकर पूरे जिले में इंटरनेट सेवा को फिलहाल बंद रखने का आदेश दिया है। इलाके में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। स्थिति को देखते हुए जिले के एसपी चंदन कुमार सिन्हा और उपायुक्त ए दोड्डे मौके पर पहुंच गए। तीन से चार थानों की पुलिस मौके पर तैनात की गई है।

- एसपी बोले- मस्जिद के पास बनाए जा रहे तोरण द्वार का मुस्लिम पक्ष द्वारा मना किए जाने से बढ़ा विवाद
- इलाके में तनावपूर्ण स्थिति, धारा 144 लागू, जिले में इंटरनेट सेवा को फिलहाल बंद रखने का आदेश

एसपी का कहना है कि महाशिवरात्रि को लेकर तोरण द्वार बनाया जा रहा था। मस्जिद के पास मुस्लिम पक्ष के द्वारा मना किया गया, उसी को लेकर विवाद बढ़ा और पत्थरबाजी हुई। फिलहाल मामला शांत है। आगे की कार्रवाई की जा रही है. तोरण द्वार बनाने को लेकर किसी भी तरह का आवेदन थाना को नहीं दिया गया था।





**बाजार क्षेत्र में अघोषित कर्फ्यू जैसा माहौल:** घटना के बाद पांकी बाजार क्षेत्र की सारी दुकानें बंद हैं। बाजार क्षेत्र में अघोषित कर्फ्यू जैसा माहौल है। सड़क पर पत्थर बिखरे पड़े हैं। एक पक्ष के लोगों का कहना है कि तोरण द्वार लगाने के बाद उसे जबरन उखाड़ कर फेंक दिया गया। विरोध किया गया तो लोग पत्थर फेंकने लगे, पहले से ढेर सारा पत्थर जमा कर रखा गया था। संघर्ष होने के बाद निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) राजकुमार लकड़ा ने को बताया कि संघर्ष तोरण द्वार में हुई तोड़-फोड़ के बाद शुरू हुआ, जो कालान्तर में वाक युद्ध में तब्दील हो गया, फिर लाठी एवं पत्थर से संघर्ष शुरू हो गया। उन्होंने बताया कि तोरण द्वार शिवरात्रि पूजा को ध्यान में रखते हुए एक समुदाय विशेष के श्रद्धालुओं द्वारा लगाया गया था, इसका विरोध करने पर बात बिगड़ गई और दोनों तरफ से पत्थरबाजी और तोड़फोड़ होने लगी। इसके उपरांत पेट्रोल बम का इस्तेमाल किया गया। वहीं आगजनी की घटना को अंजाम देने की कोशिश की गई। इस सिलसिले में दोनों समुदायों के कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। उपायुक्त आंजनेयुलू दौडे सहित अन्य अधिवक्ताओं के दल पांकी पहुंचे, स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## खबरें फटाफट

### सरकारी सेवक घूस लेते गिरफ्तार

**सहरसा।** निगरानी ब्यूरो ने 56000 रु रिश्वत लेते सहरसा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल के लेखा पदाधिकारी करुणानिधि सौरभ को सहरसा स्थित कार्यालय से गिरफ्तार किया है।
इस संबंध में आवेदक मणि भूषण कुमार ने 4 जनवरी को निगरानी ब्यूरो में शिकायत की थी। कहा गया था कि लेखा पदाधिकारी आरोपी करुणानिधि सौरव एकरारनामा के तहत काटी गई राशि वापस करने के लिए रिश्वत मांग रहा है। निगरानी ने सत्यापन में आरोप को सही पाया। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक खुर्शीद आलम के नेतृत्व में एक धावा दल का गठन कर कार्रवाई की गई।

### महज 20 मिनट में 15 एकड़ खेत पर ड्रोन से यूरिया का छिड़काव

**नवादा।** कृषि विज्ञान केंद्र कौआकोल नवादा की ओर से बुधवार को जिले के आदर्श ग्रीन गांव दोसुत में खेतों में ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव का ट्रायल किया गया। सिर्फ 20 मिनट में ही गेहूं के 15 एकड़ खेत पर ड्रोन से यूरिया के छिड़काव का काम पूरा हो गया। किसानों ने इस तकनीक को काफी लाभकारी बताया, वहीं अधिकारियों ने तकनीक के साथ खेती करने का आह्वान किया। कृषि विज्ञान केंद्र नवादा के अधिकारियों ने बताया कि सरकार की ओर से किसानों को नैनो यूरिया का प्रयोग कर खेती करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नैनो यूरिया का ड्रोन से खेतों में छिड़काव का ट्रायल सफल रहा।

## मंत्रिमंडल की बैठक में मोदी सरकार ने लिये कई अहम फैसले

# देश में दो लाख प्राथमिक कृषि सहकारी समिति होगी गठित

एजेंसी/नई दिल्ली

मोदी कैबिनेट ने बुधवार को कई अहम फैसले लिए। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि सरकार सहकारी समितियों को मजबूत करेगी। विभिन्न उद्देश्य के लिए अगले पांच साल में दो लाख प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति (पीएसी)/डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियां गठित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं को मजबूत करने के लिए वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को मोदी सरकार ने मंजूरी दी है। इसके तहत देश की उत्तरी सीमाओं पर बसे गांवों में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया जाएगा। इसके लिए 4800 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के कुल 19 ज़िलों के 2966 गावों में सड़क और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जाएगा। यह बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम से अलग होगा। पूरा खर्च केंद्र सरकार वहन करेगी। उन्होंने बताया कि इससे इन राज्यों के सीमावर्ती गांवों में सुनिश्चित आजीविका मुहैया करायी जा सकेगी जिससे पलायन रोकने में मदद मिलेगी। मोदी कैबिनेट ने सिंकुलना टनल के निर्माण को भी मंजूरी दी। जिससे लद्दाख के लिए ऑल वेदर रोड कनेक्टिविटी मिल जाएगी। इसकी लंबाई 4.8 किलोमीटर होगी। 1600 करोड़ का खर्चा होगा। इससे सैन्य बलों की जमीनी मूवमेंट बढ़ेगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत-चीन एलएसी पर तैनात रहने वाली आईटीबीपी के लिए सात नयी बटालियन, 9,400 कर्मियों के साथ एक ऑपरेशनल बेस की स्थापना को मंजूरी दी है। साथ ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिव्यांगता के क्षेत्र में सहयोग के लिए भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर को मंजूरी प्रदान की। इस द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन से दिव्यांगता के क्षेत्र में संयुक्त पहल के माध्यम से दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार और दक्षिण अफ्रीका सरकार के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करेगा. यह हिंदुस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगा।

चीन से सटी सीमा को मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार ने कई बड़े फैसले लिए हैं। इनमें सीमा पर सुरक्षाबलों की तैनाती बढ़ाने के साथ-साथ चीन सीमा से लगे गांवों का समग्र विकास शामिल है। डोकलाम और गलवान की घटनाओं से सबक लेते हुए मोदी सरकार ने चीन की सीमा को सुदृढ़ करने का काम शुरू कर दिया है।



- देश की सीमाओं को मजबूत करने के लिए वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को दी गई मंजूरी
- इसके तहत देश की उत्तरी सीमाओं पर बसे गांवों में इंफ्रास्ट्रक्चर का किया जाएगा विकास
- आईटीबीपी के लिए सात नई बटालियन की स्थापना की मंजूरी
- 9,400 कर्मियों के साथ एक ऑपरेशनल बेस की स्थापना को मंजूरी दी गई

### बॉर्डर पर बसे गांव के लोगों का पलायन रोकने का लिया निर्णय

पीएम मोदी ने चीन सीमा से लगे भारतीय गांवों के लोगों का सुविधाओं के अभाव में पलायन रोकने के लिए सबसे बड़ा निर्णय लिया है। इसके तहत सीमा के सभी गांवों का एकीकृत और हाईटेक विकास करने का फैसला लिया गया है। इसके बाद गांवों में ब्रॉडबैंड सेवा से लेकर, पक्की सड़कें, 24 घंटे पानी, बिजली और हाईपर मार्केट की सुविधाएं भी मिलेंगी। ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाने के लिए भी केंद्रीय योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया जाएगा। ताकि सीमा से ग्रामीणों के पलायन को रोका जा सके। इससे दुश्मन चीन पर भारतीय सेना को नजर रखने में आसानी होगी। ग्रामीणों का सहयोग चीन की घुसपैठ को रोकने में लिया जाएगा। पीएम मोदी के इस फैसले से अब सिर्फ गलवान और तवांग का ही नहीं, बल्कि सियाचिन और तिब्बत का भी पूरा हिसाब लेने के लिए सैनिकों को मजबूत किया जाएगा। ताकि भविष्य में कभी भी चीन भारत पर हमला करने या घुसपैठ करने की बात तो दूर, उसकी ओर आंख उठाकर भी नहीं देख सके।

# पटना की रैली में गरजे दीपंकर भट्टाचार्य... बोले- लोकतंत्र को बर्बाद करने पर तुली है मोदी सरकार

केटी न्यूज/पटना

16 फरवरी से राजधानी पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में भाकपा माले का 11 वां महाधिवेशन शुरू हो रहा है, लेकिन उसके पहले भाकपा माले ने राजधानी पटना के गांधी मैदान में महा रैली का आयोजन किया। इसमें बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और दक्षिण भारत के राज्यों से बड़ी तादाद में कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली को संबोधित करते हुए भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि मोदी सरकार पूंजीपतियों की सरकार है और लोकतंत्र को बर्बाद करना चाहती है।

दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि पूंजीपतियों की वजह से पर्यावरण पर भी असर पड़ रहा है। लिहाजा इस महाधिवेशन में पर्यावरण पर भी महा चर्चा होगी। दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि 2019 में जब बिहार में 40 में 39 सीटें एनडीए को आई तो हमारी चिंता को बढ़ा दिया, लेकिन 2020 में जब हमारी पार्टी को 12 सीटें मिलीं तब इसने हमारी ताकत को और बढ़ाया और न सिर्फ हमारी ताकत बढ़ी बल्कि महागठबंधन की भी ताकत बढ़ी और लोगों का तो यहां तक कहना है कि अगर हम कुछ और सीटों पर लड़े होते तो तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनते, महागठबंधन की ताकत बढ़ने से नीतीश कुमार भी हमारी तरफ आए हैं।

- 16 से पटना में आयोजित माले के महा अधिवेशन में मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का लिया जाएगा संकल्प

दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा है कि माले के महा अधिवेशन में मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया जाएगा। भट्टाचार्य ने यह भी कहा है कि इतनी सीटें होने के बाद पार्टी मंत्रिमंडल में इसलिए शामिल नहीं हो रही है। क्योंकि हम छात्रों, शोषितों, वंचितों और किसानों की आवाज हैं और हम सत्ता में आकर समझौता नहीं करना चाहते। दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि भारत जोड़ो आंदोलन की वजह से कांग्रेस की ताकत बढ़ी है और यह विपक्षी एकता के लिए बहुत जरूरी है। हमारी कोशिश है कि देश में बहुदलीय सरकार बने ताकि लोकतंत्र सुरक्षित रह सके।




## एफडी पर ब्याज दर में पांच से 25 बेसिस पॉइंट तक की बढ़ोतरी, बढ़ी हुई दरें 15 फरवरी से लागू

# एसबीआई का ग्राहकों को तोहफा, एफडी पर बढ़ाई ब्याज दर

एजेंसी/नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई के ग्राहकों के लिए अच्छी खबर है। बैंक ने एफडी पर ब्याज दर में पांच से 25 बेसिस पॉइंट तक की बढ़ोतरी की है। यह बढ़ोतरी दो करोड़ रुपये से कम की एफडी पर लागू होगी। बढ़ी हुई दरें 15 फरवरी से लागू हो गई हैं। साथ ही बैंक ने 400 दिन की एक स्पेसिफिक टेन्योर स्कीम शुरू की है जिसमें ब्याज दर 7.10 फीसदी रखा गया है। यह स्कीम 31 मार्च तक वैलिड रहेगी।

आरबीआई ने हाल में रेपो रेट में 25 बीपीएस की बढ़ोतरी की थी। इसके बाद एसबीआई ने एफडी पर रेट बढ़ाया है। साथ ही बैंक ने एमसीएलआर में भी 10 बीपीएस की बढ़ोतरी की है। एसबीआई ने इससे पहले 13 दिसंबर को कुछ चुनिंदा टेन्योर के लिए एफडी पर ब्याज दर में 65 बीपीएस की बढ़ोतरी की थी।




**ब्याज दर 6.75 फीसदी से बढ़ाकर सात फीसदी:** एसबीआई ने एफडी पर दो साल और तीन साल से कम अविधि के लिए ब्याज दर 6.75 फीसदी से बढ़ाकर सात फीसदी कर दी है। इसी तरह तीन साल से 10 साल तक के टेन्योर पर अब 6.50 फीसदी ब्याज मिलेगा। पहले इस पर इंटरेस्ट रेट 6.25 फीसदी था। सबसे ज्यादा पांच बीपीएस की बढ़ोतरी एक साल से लेकर दो साल से कम अवधि की एफडी पर की गई है। इसे 6.75 फीसदी से बढ़ाकर 6.80 फीसदी किया गया है। एक साल से कम साल के टेन्योर पर इंटरेस्ट रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। बैंक 211 दिन से लेकर एक साल से कम टेन्योर के लिए एफडी पर ब्याज 5.75%, 180 दिन से 210 दिन की अवधि के लिए 5.25%, 46 दिन से 179 दिन के लिए 4.50% और सात दिन से 45 दिन के लिए तीन फीसदी ब्याज दे रहा है।

### सीनियर सिटीजंस को अब 7.50 फीसदी ब्याज

जनरल कैटगरी की तरह सीनियर सिटीजंस के लिए भी एक साल से अधिक टेन्योर पर ब्याज दर में बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी दो करोड़ रुपये से कम राशि की एफडी पर की गई है। एसबीआई ने दो साल से लेकर तीन साल से कम अवधि के लिए ब्याज दर में 25 बीपीएस की बढ़ोतरी की है। इसे अब 7.50 फीसदी कर दिया गया है। पांच साल से दस साल की अवधि के लिए इसे 7.25 फीसदी से बढ़ाकर 7.50 फीसदी कर दिया है।

## खबरें फटाफट

### कुएं में गिरने से बच्चे की मौत

**आरा।** संदेश थाना क्षेत्र के सरैया गांव में कुएं में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। मृत बच्चा सरैया गांव निवासी विनय चौधरी का आठ वर्षीय पुत्र अनिकेत कुमार था। परिजन मिट्ठू ने बताया कि बुधवार की शाम वह घर के बाहर कुएं के पास गांव के कुछ बच्चों के साथ खेल रहा था। उसी दौरान वह अचानक कुएं में गिरा पड़ा और डूब गया। कुछ देर बाद उसके साथ खेल रहे बच्चों ने उसके घर जाकर परिजनों से कहा कि वह कुएं में डूब गया है। उस पर वेलोग घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से उसे कुंए से बाहर निकाला। उसके बाद इलाज के लिए उसे संदेश रेफरल अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### शौच करने से मना करने पर हुई पिटाई

**आरा।** गजराजगंज में घर के सामने शौच करने से मना करने पर फौजी पिता पुत्र की लाठी-डंडों व कुदाल से जमकर पिटाई कर दी गई। घायलों में छोटकी सासाराम गांव निवासी रिटायर फौजी अजय सिंह और उनके फौजी पुत्र 23 वर्षीय पुत्र मृत्युंजय कुमार सिंह शामिल हैं। अजय सिंह के भतीजे संजय कुमार सिंह ने बताया कि उनलोगों द्वारा गजराजगंज में नया मकान बनाया गया है। उसमें सरिया की चूड़ी बनाने की मशीन लगायी गई है। मकान बनाने के समय से ही बगल के लोगों घर के सामने शौच करते आ रहे हैं। मना करने पर उन लोगों द्वारा कुदाल, कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से उनकी पिटाई कर दी गयी। उसे देख उनके पुत्र फौजी मृत्युंजय सिंह बचाने गये, तो उनकी भी पिटाई कर दी गयी। उसमें दोनों का सर फट गया और हाथ-पैर टूट गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# हर माह दो-दो लक्षण वाले मरीजों की बलगम जांच कराएंगी आशा कार्यकर्ताएं

**केटी न्यूज/बक्सर**

- ❑ नए मरीजों की खोज के लिए जिला यक्ष्मा केंद्र कर रहा प्रखंडवार लक्ष्य निर्धारित
- ❑ 2022 में निक्षय पोर्टल पर 2638 मरीजों का किया गया रजिस्ट्रेशन, वहीं 2023 में 257

सरकार 2025 तक टीबी को पूरी तरह से खत्म करने के लक्ष्य पर निरंतर अग्रसर है। इसके लिए विभिन्न योजनाओं और अभियानों के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए नए रोगियों की खोज के लिए काम किया जा रहा है। ताकि, जिले में टीबी के लक्षण वाले मरीजों की जांच की जा सके और उनका ससमय इलाज शुरू किया जा सके। हालांकि, जिला यक्ष्मा केंद्र का फोकस जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए मरीजों की शीघ्र पहचान, गुणवत्तापूर्वक इलाज और उनको योजनाओं का लाभ दिलाने पर है। वर्ष 2022 में जिले में 2638 को नोटिफाइड किया गया था। जिनमें 1227 सरकारी और 1411 निजी संस्थानों में नोटिफाइड किया गया। वहीं, 2023 में अब तक 257 लोगों का नाम निक्षय पोर्टल पर ऑनलाइन किया गया है। जिनमें 144 सरकारी फैसिलिटी और 113 निजी संस्थानों द्वारा नोटिफाइड किया गया है। हालांकि, नए मरीजों की खोज के लिए अधिक से अधिक जांच करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



**लक्षण दिखने पर तत्काल कराएं जांच :** जिला यक्ष्मा केंद्र के एसटीएलएस कुमार गौरव ने बताया, जिला अस्पताल से प्रखंड स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी के मरीजों की जांच और इलाज की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है। मरीजों को दवाएं भी मुफ्त दी जाती है। स्वास्थ्य केंद्रों पर बलगम की जांच माइक्रोस्कोप एवं टूनेट सीबीनेट मशीन द्वारा निःशुल्क की जाती है। मरीजों की जांच के उपरांत टीबी की पुष्टि होने पर पूरा इलाज उनके घर पर ही डॉट प्रोवाइडर के माध्यम से निःशुल्क की जाती है। नए रोगी चिन्हित होने पर उनके पारिवारिक सदस्यों को भी टीवी प्रीवेंटिव ट्रीटमेंट दिया जाता है, ताकि परिवार के अन्य सदस्यों में टीबी बीमारी नहीं फैले। उन्होंने बताया कि टीबी के इलाज में सबसे जरूरी है लक्षणों की पहचान। जिन लोगों में सीने में दर्द, चक्कर, दो सप्ताह से ज्यादा खांसी या बुखार आनाए खांसी के साथ मुंह से खून आनाए भूख में कमीं और वजन कम होना आदि लक्षण हैं, तो वो टीबी की जांच अनिवार्य रूप से कराएं।

### एचडब्ल्यूसी में स्पूटम कलेक्शन की व्यवस्था

सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ ने बताया, टीबी उन्मूलन के अभियान को सफल बनाने में जिले की स्वास्थ्य इकाइयों पर सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। अब पंचायत स्तर पर टीबी के लक्षणों की जांच की जाने लगी है। इसके लिए जिले में बने सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) में स्पूटम कलेक्शन की व्यवस्था की गई है। साथ ही, टीबी के लक्षण वाले मरीजों की खोज के लिए आशाा कार्यकर्ताओं को भी लगाया जाएगा। इसके लिए प्रखंड सामुदायिक प्रेरक के माध्यम से हर माह आशा कार्यकताओं को दो-दो टीबी के लक्षण वाले मरीजों की बलगम जांच कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ताकि, जिले में पंचायत स्तर तक टीबी जांच की व्यापक्ता बढ़ाई जा सके। इसके लिए आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। ताकि, वो अपने क्षेत्र के लोगों में टीबी के लक्षणों की पहचान कर सकें।

## प्रोफेसर दंपति हत्याकांड में आरोपित को गिरफ्तारी करने वाली टीम पुरस्कृत

# समय पर दाखिल करें चार्जशीटः डीआईजी



**केटी न्यूज/आरा**

- ■ कांड के खुलासा में एसपी के नेतृत्व में टीम ने किया काफी सराहनीय काम
- ■ समय पर सजा दिलाने के लिए चलाया जाएगा स्पीडी ट्रायल

जिला मुख्यालय में बीते दिनों हुए हाई प्रोफाइल प्रोफेसर दंपती हत्याकांड का सफल उद्भेदन और आरोपित की गिरफ्तारी के बाद पुलिस सजा दिलाने की कवायद में जुटी है। इसके लिए समय पर चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी चल रही है। आरोपित की गिरफ्तारी में शामिल टीम को पुरस्कृत करने मंगलवार को आरा पहुंचे शाहाबाद रेंज के डीआईजी नवीन चंद्र झा द्वारा यह जानकारी दी गयी। डीआईजी द्वारा हत्याकांड के उद्भेदन में लगे एसपी प्रमोद कुमार और एएसपी हिमांशु, नवादा थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह, डीआईयू के शंभु भगत, संजय कुमार सिन्हा और राकेश कुमार के अलावा तकनीकी सेल के सिपाही अविनाश, मिथिलेश और सुकेश को सम्मानित किया। सभी को प्रशस्ति पत्र और नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही भविष्य में इसी तरह काम करने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

डीआईजी ने कहा कि जिस तरह एसपी और एएसपी के नेतृत्व में टीम द्वारा हत्याकांड को उत्कृष्ट तरीके से डिटेक्ट किया गया। कांड को अंजाम देने वाले आरोपित को असम राज्य के सुदूरवर्ती इलाके से गिरफ्तारी किया और ट्रांजिट रिमांड पर आरा लाया गया। वह काफी सराहनीय कार्य था। केस काफी ब्लाइंड और पूरा प्लांड केस था। उसे बहुत ही चालाकी के साथ भोजपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। उसी तरह कांड की डायरी और अनुसंधान भी पूरा करते हुए दोषी को सजा दिलायी जायेगी। डीआईजी ने कहा कि टीम वर्क से यह सफलता मिली है। उन्होंने अफसरों को भविष्य में इस तरह टीम वर्क में काम करने और कांडों का खुलासा करने की बात कही। उन्होंने अफसरों को उत्कृष्ट अनुसंधान और समय पर चार्जशीट दाखिल करने का आदेश दिया है। एसपी खुद उसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अनुसंधान पूरी होने के बाद अभियुक्त को कठोर सजा दिलाने स्पीडी ट्रायल चलाने का प्रस्ताव कोर्ट को भेजा जाएगा।

### ब्लाइंड केस का भोजपुर पुलिस ने किया खुलासा

29 जनवरी की रात शहर के कतीरा वीर कुंवर सिंह नगर निवासी रिटायर प्रोफेसर महेंद्र प्रसाद सिंह और उनकी प्रोफेसर पत्नी पुष्पा सिंह की बेरहमी से हत्या कर दी गयी थी। 30 जनवरी की रात साढ़े नौ बजे दंपती का शव उनके फ्लैट से बरामद किया गया था। घर से पैसे और जेवरात लूट लिया गया था। पुलिस के पास हत्या करने वालो.का कोई सुराग नहीं मिल रहा था। परिजनों द्वारा भी किसी पर संदेह नहीं जताया जा रहा था। बाद में सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान प्रोफेसर के घर से जाते एक संदिग्ध दिखा था। उसके पास से बैग भी था। उसी आधार पर टीम ने जांच आगे बढाई। उस क्रम में पांच सौ से अधिक फुटेज खंगाला गया तब संदिग्ध के बारे में कुछ क्लू मिला। उसके बाद टीम ने लगातार मेहनत कर महज नौ दिनों के अंदर आरोपित तपन डे उर्फ दीपक को असम से गिरफ्तार कर लिया था।

## एक नजर

### पंडाल व शोभायात्रा के लिए लेनी होगी अनुमति



**आरा।** भोजपुर में शांतिपूर्ण तरीके से महाशिवरात्रि का त्योहार मनाने को पुलिस मुस्तैद हो गयी है। इसे लेकर एसपी की ओर से गाइडलाइन जारी की गयी है। उसमें कहा गया है कि महाशिवरात्रि को लेकर अगर पूजा समितियां पंडाल स्थापित करना, शोभायात्रा या किसी तरह की जुलूस निकालनी चाहती है, तो उसके लिए स्थानीय प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। डीजे बजाने पर भी प्रतिबंध रहेगा। हालांकि छोटे साउंड सिस्टम उपयोग किया जा सकता है। एसपी प्रमोद कुमार की ओर प्रेस बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गयी है। कहा गया है कि पूजा समितियों की ओर अनुमति लेने के बाद उन स्थानों पर स्थापित होने वाले पूजा पंडाल और जुलूस के आसपास पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। ताकि यह त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न किया जा सके। कहा गया है कि किसी प्रकार का भ्रम हो, तो स्थानीय थाना या अन्य वरीय अफसरों से समय संपर्क किया जा सकता है। कहा गया है कि डीजे पहले की तरह प्रतिबंधित रहेगा। बाकी अन्य छोटे साउंड सिस्टम के माध्यम को यूज किया जा सकता है। इधर, सभी थानों को भी इस पर जरूरी नजर रखने की हिदायत दी गयी है। बताते चलें कि 18 फरवरी को महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जा रहा है।

### युवाओं को रोजगार दिलाना प्राथमिकता : मांझी





**जहानाबाद।** गरीब और बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता है। युवाओं को स्वाबलंबन से जोड़ना होगा। राज्य के युवाओं को अपने राज्य में काम मिले और उनका पलायन रुके इसी मकसद को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। गरीब संपर्क यात्रा के चौथे दिन जहानाबाद जिले के घोसी समेत विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित नुक्कड़ और जनसभाओं के दौरान एससी-एसटी कल्याण मंत्री और हम (सेक्यूलर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार मांझी ने ये बातें कहीं। बुधवार को हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) या हम (सेक्युलर) के गरीब संपर्क यात्रा के चौथे दिन की शुरूआत जहानाबाद के मखदुमपुर से सुबह 08:30 बजे से हुई। उसके बाद सैदपुर, घोसी, बन्धुगंज और अरवल मोड़ पर नुक्कड़ सभा और जनसभाओं का आयोजन किया गया। इन सभाओं में श्री मांझी का पूरा जोर युवाओं को रोजगार दिलाने पर रहा। उन्होंने कहा कि आज देश में बेरोजगारी चरम पर है। खासकर दलित समाज के लोगों में बेरोजगारी और बढ़ी है। उन्हें जितना आरक्षण की आवश्यकता है उतना मिल भी नहीं रहा है। हम (सेक्युलर) हर मंच पर इस मुद्दे को उठाएगा। श्री संतोष मांझी ने कहा कि गरीब संपर्क यात्रा को हर जगह समर्थन मिल रहा है। 10-10 किलोमीटर तक लोगों का कारवां हमारे साथ चला है। हजारों लोग शामिल हो रहे हैं। उन्होंने इस यात्रा को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं और घोसी की जनता को धन्यवाद दिया। जनसभा में हम सेक्युलर के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता श्यामसुंदर शरण, राजेश निराला, रविंद्र शास्त्री, राजेंद्र, शंकर मांझी, उदय मांझी, मेहंदी मांझी, मनीष कुमार, अधिवक्ता शंकर, रोमित कुमार, धर्मेंद्र मांझी, ई. देवेंद्र मांझी, राजाराम मांझी, रामजीत मांझी, अखिलेश दांगी, तारीख अरुण, किशोरी मांझी, रविन्द्र मांझी आदि मौजूद रहे।

### 19 को नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**जहानाबाद।** जन मुक्ति आंदोलन कार्यालय ग्राम नवादा में जनमुक्ति आंदोलन के सक्रिय कार्यकताओं का एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष नाजनी प्रवीण ने की। जिसमें आगामी 19 फरवरी को महिला सशक्तिकरण के सवाल पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन प्रसिद्ध महिला प्रशिक्षकों द्वारा किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में महिलाओं के सवाल पर विशेष रुप से महिला को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जन मुक्ति आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यास जी मुख्य अतिथि होंगे। तथा डॉ. विनयन आश्रम पर 19 फरवरी को ही पटना के प्रसिद्ध मेदांता हॉस्पिटल के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य शिविर का निःशुल्क आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जन मुक्ति आंदोलन द्वारा संगठन के विस्तार पर चर्चा किया गया एवं सरकार द्वारा चलाए जा रहे मनरेगा में न्यूनतम मजदूरी से कम मजदुरी देने के सरकार के फैसलों को गलत करार दिया एवं जनमुक्ति आंदोलन सरकार से यह मांग करती है कि मनरेगा की मजदूरी न्यूनतम मजदूरी से कम ना हो। इस कार्यक्रम में जनमुक्ति आंदोलन के महासचिव हरिलाल प्रसाद सिंह ,युवा मोर्चा के अध्यक्ष सुनील कुमार, मखदुमपुर प्रखंड अध्यक्ष शशि कुमार दांगी, कुंनडल कुमार वर्मा, संगीता देवी, शीला देवी, अनवरी खातून,सविता देवी, संजय चौधरी, रविंद्र कुमार, भीम सिंह ने भाग लिया।

## तेज रफ्तार ट्रक ने चाचा-भतीजे को मारी ठोकर, दोनों इलाजरत

**केटी न्यूज/आरा**

- ♦ एनएचआईए में रसोईया का काम करते थे दोनों
- ♦ जगदीशपुर से लौटने के दौरान हुआ हादसा

आरा-मोहनियां हाईवे पर धनगाई स्थित पेट्रोल पंप के समीप बुधवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार चाचा-भतीजे को ठोकर मार दी। उसमें दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों का इलाज जगदीशपुर के दुलौर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में कराया जा रहा है।

घायलों में झारखंड के पलामू जिला के पदमागांव निवासी अमृत यादव का पुत्र रवि कुमार और कजरु यादव का पुत्र त्रिवेणी कुमार है। दोनों रिश्ते में चाचा-भतीजे बताए जा रहे हैं। घटना के बाद देर तक अफरातफरी मची रही। वहीं घटना के बाद मौके से चालक ट्रक चोर फरार हो गया। सूचना मिलते ही थाना इंचार्ज प्रदीप कुमार भास्कर घटनास्थल पर पहुंचे और ट्रक को जब्त कर लिया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रवि कुमार और त्रिवेणी कुमार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण में रसोईया का काम करते है। बुधवार की सुबह दोनों चावल खरीदने के लिए जगदीशपुर के नयका टोला बाजार गए थे। दोनों चावल लेकर बाइक से धनगाई लौट रहे थे। उसी दौरान धनगाई पेट्रोल पंप के समीप सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उससे दोनों बाइक से गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद दोनों को दुलौर स्थित निजी अस्पताल लाया गया।

## प्रेमी-प्रेमिका ने थाना में किया आत्म समर्पण

**जहानाबाद।** हुलासगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत इब्राहिमपुर गांव के प्रेमी प्रेमिका शादी के नियत सेभागकर दिल्ली चला गया था दोनों प्रेमी प्रेमिका इब्राहिमपुर गांव का ही बताया जा रहा है हालांकि लड़की के परिवार वालों के द्वारा 11 फरवरी को थाना में आवेदन देकर रौशन कुमार उर्फ दीपू पर लड़की भगाने का प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। हुलासगंज थाना एवं गांव के दबाव में आकर लड़के के परिजन अपने बच्चे को गांव ना आकर थाना में आत्म समर्पण करने की बात कही। परिवार के दबाव में आकर प्रेमी दिल्ली से प्रेमिका के साथ हुलासगंज थाना में आया और बुधवार को आत्म समर्पण किया। प्रेमी प्रेमिका ने बताया कि उन दोनों ने शादी कर ली है। फिलहाल वो अपने अपने घर जर रहे हैं। लेकिन प्रेमिका ने बताया कि हम जब भी शादी करेंगे तो इसी लड़का से करेंगे।

# खेत से मिला बुजुर्ग महिला का शव

**केटी न्यूज/आरा**



अस्पताल में जुटे मृतक के परजिन

- ♦ पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

जिले के पीरो थाना क्षेत्र के बरौली स्थित पेट्रोल पंप के समीप गेहूं के खेत से बुधवार की सुबह एक बुजुर्ग महिला का शव बरामद किया गया। मृत महिला अगिआंव बाजार थाने के खैरी तिवारीडीह गांव निवासी स्व. भरत शर्मा की 70 वषीर्या पत्नी कमोदा कुंवर थी। वह मानसिक रूप से बीमार थी और तीन रोज से घर से गायब थी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

भतीजे गुड्डु कुमार ने बताया कि करीब तीन महीनों से उनकी तबीयत ठीक नहीं रहता है। दिमागी हालत भी ठीक नहीं है। उस कारण वह घर पर स्थिर नहीं रहती थी।रविवार की शाम करीब चार बजे वह घर से निकली थी। रात हो जाने के बाद घर नहीं लौटी, तो काफी खोजबीन की गई। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। इसी बीच बुधवार की सुबह बरौली गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप गेहूं के खेत में उनके शव को देखा गया। इधर, पुलिस के मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहने, रात में गेहूं के खेत में सोये रह जाने और ठंड लग जाने के कारण महिला की मौत होना प्रतीत हो रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जा रहा है कि महिला को सिर्फ एक पुत्री मंजू देवी है। घटना के बाद उनके के घर में रोना-धोना मच गया है।

## बोले पूर्व मुख्यमंत्री... अपने शासन काल में कई उपयोगी योजनाएं चलाने का लिया था फैसला

# दलित-गरीबों की आवाज बन रहा है गरीब संपर्क यात्राः मांझी

- ● भूमिहीन गरीब लोगों को जमीन का कब्जा दिलाने के लिए प्रखंड स्तर पर कैंप लगाने की जरूरत

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

गरीब संपर्क यात्रा दलित-गरीब लोगों की आवाज बन रहा है। इस यात्रा को आम लोगों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। हजारों की संख्या में लोग इस यात्रा के साथ जुड़ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और हम (सेक्युलर) के संरक्षक जीतन राम मांझी ने जहानाबाद के होटल राजदरबार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पत्रकार के साथ बातचीत में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि 26 फरवरी को यह यात्रा गया के गांधी मैदान में अहम पड़ाव पर पहुंचेगी। यहां हर वर्ग के लोगों को अपनी समस्याएं लेकर पहुंचने के लिए आमंत्रित किया गया है। जहां उनकी समस्याओं को सुना जाएगा और उसे सरकार तक पहुंचाया जाएगा।



कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते जीतन राम मांझी

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वो मुख्यमंत्री थे, उस समय जनहित के लिए कई उपयोगी योजनाएं चलाने का फैसला लिया था। वे योजनाएं अबतक शुरू नहीं हो पायी हैं। वे लोग कोशिश कर रहे हैं कि वे योजनाएं शुरू हों। हम यह भी कोशिश कर रहे हैं कि माननीय मुख्यमंत्री के समाधान यात्रा में भूमिहीन गरीब लोगों को जमीन का कब्जा दिलाने की बात पर गौर किया जाये। यह काम प्रखंड स्तर पर कैंप लगाकर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की समाधान यात्रा से बहुत से लोगों को उनकी समस्याओं का समाधान मिला है। कई क्षेत्रों में अधूरा काम पूरा किया जा रहा है। हालांकि अभी भी कई काम बचे हुए हैं।

संवाददाता सम्मेलन में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार सरकार के अनुसूचित जाति -जनजाति विभाग के मंत्री डॉ. संतोष कुमार मांझी ने कहा कि हमारी इस यात्रा से लोगों में यह विश्वास जागा है कि उनके लिए भी कोई खड़ा है। इस यात्रा से हमारे गरीब भाई जाग गए हैं। उनमें राजनीतिक चेतना आ रही है।

डॉ. मांझी ने कहा कि इस यात्रा के जरिए हम आम लोगों तक यह संदेश पहुंचाने का कोशिश कर रहे हैं कि आप हमें मजबूत कीजिए ताकि आपकी समस्या का समाधान हम करवा सकें। लोग अपनी समस्या हमलोगों से साझा करें। बिहार सरकार आपकी समस्या का समाधान करने के लिए तत्पर है। आप जब तरक्की करेंगे तभी बिहार भी तरक्की करेगा। यही हम(सेक्युलर) और गरीब जनसंपर्क यात्रा का मकसद है। इस पार्टी का गठन ही गरीबों के कल्याण के लिए हुआ। हमलोग दिनरात गरीब लोगों के उत्थान के लिए प्रयासरत हैं। गौरतलब है कि गरीब संपर्क यात्रा का अगला पड़ाव अरवल होगा। अरवल में यह यात्रा गुरुवार को प्रवेश करेगी। वहां भी जगह-जगह नुक्कड़ और जनसभाओं का आयोजन कर आम लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा।

## खबरें फटाफट

### शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**डुमरांव।** डुमरांव पुलिस ने गुप्त सूचना पर नगर के शिवपुरी कॉलोनी में छापेमारी कर चार कार्टन अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। पुलिस की टीम पकड़े गये धंधेबाज से कड़ी पूछताछ कर रही है। पुलिस की गिरफ्त में आये आरोपी की पहचान राजू कुमार यादव के रूप में हुई है। वह मूलरूप से जवही दियर का रहने वाला बताया जाता है, जो शिवपुरी कॉलोनी के मकान में रहकर शराब का धंधा कर रहा था। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

### जयंती पर याद किए गए प्रो. एसके मिश्र

**बक्सर।** बुधवार को बक्सर के चर्चित प्रोफेसर रहे स्व एसके मिश्र की 78 वीं जयंती पर उन्हें याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। यह कार्यक्रम नगर के समारहणालय रोड स्थित फाउंडेशन के कार्यालय में आयोजित किया गया था। जिसकी अध्यक्षता डॉ. सुरेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम की शुरूआत स्व मिश्र के तैल्य चित्र पर माल्यापर्ण कर की गई। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा उन्हें उच्च कोटि का शिक्षक और व्यवहार कुशल इंसान बताया। वक्ताओं ने कहा कि वे विशिष्ट प्रतिभा के धनी थे। उनके जैसे शिक्षक विरले ही आते हैं। वे कुशल शिक्षक ही नहीं अपितु छात्रों के कुशल पथ प्रदर्शक भी थे। वे शिक्षक के साथ साथ होम्योपैथिक के कुशल चिकित्सक भी थे तथा अपनी सेवाएं नि:शुल्क देते थे। उनकी पुस्तके आज भी छात्रों के लिए काफी उपयोगी है। कार्यक्रम का संचालन राजीव रंजन पांडेय व धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर रास बिहारी शर्मा ने किया। मौके पर शिवचंद्र सिंह, शंभू लाल, अरुण प्रकाश, आफताब, संजय यादव, शिवजी यादव, बृजमोहन, संजय किशोर, धनंजय राम व अन्य मौजूद रहे।

# इलाज कराने आए युवक के साथ डॉ. गुप्ता ने किया दुर्व्यवहार, मारने दौड़े

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

- कुछ दिन पहले योगदान करने आए चतुर्थवर्गीय कर्मी के साथ गाली गलौज कर जान मारने की दिए थे धमकी
- दिमागी संतुलन खराब होने की कही जा रही है बात

अपने अजीबोगरीब हरकतों के लिए हमेशा चर्चा में रहने वाले रघुनाथपुर सीएचसी प्रभारी डा राजेश कुमार गुप्ता एक बार फिर से सुर्खियों में है। इस बार वे इलाज कराने आए एक युवक के साथ दुर्व्यवहार तथा उसने मारने की कोशिश किए है। मामला मंगलवार का है। पीड़ित युवक मनोज कुमार उम्र 29 वर्ष पिता रामजी सिंह कैथी पंचायत के कुआंवन डेरा का रहने वाला है। उसके पैर में दर्द रहता है। जिसका इलाज कराने वह मंगलवार को वह रघुनाथपुर सीएचसी पहुंचा। पूर्जा कटाने के बाद वह जैसे ही ओपीडी की तरफ बढ़ा कि वहां मौजूद सीएचसी प्रभारी डॉ. राजेश गुप्ता उससे दुर्व्यवहार करने लगे। युवक उनसे इलाज करने तथा दवा देने की गुहार लगा रहा था। लेकिन वे उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसे मारने के लिए आगे बढ़ रहे थे। वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच बचाव कर उसे बचाया। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो गया है। जिसमें साफ देखा जा रहा है कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उक्त मरीज को मारने के लिए दौड़ रहे है तथा एक सुरक्षाकर्मी व अन्य लोग उन्हें समझाकर वहां से हटा रहे है।

बताया जाता है कि यह एक दिन का वाकया नहीं है। बल्कि जानकारों की मानें तो डॉ. राजेश का दिमागी संतुलन बिगड़ गया है तथा अक्सर वे ऐसी घटनाओं को अंजाम देते है। अभी कुछ दिन पहले ही यहां योगदान करने आए एक चतुर्थवर्गीय कर्मी के साथ भी उन्होंने गाली गलौज की तथा उसे जान से मारने तक की धमकी दी थी। इसकी शिकायत भी सीएस से हुई थी। इसके पहले भी वे कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार व गाली गलौज करते रहे है। लेकिन विभाग उनपर कार्रवाई करने के बजाए मामले की लीपापोती कर देता है। हालांकि, चिकित्सक के खिलाफ लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।



### बड़ा सवाल, चुप क्यों है विभाग

इन सारे मामलों में यदि सबसे बड़ा कोई कसूरवार नजर आ रहा है तो वह है स्वास्थ विभाग। सीएचसी प्रभारी के आदतों के संबंध में लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद बड़ा सवाल यह है कि आखिर विभाग उनपर कार्रवाई करने में चुप क्यों है। विभागीय मेहरबानी के पीछे कही मैनेज का खेल तो नहीं। ऐसी चचाएं क्षेत्र में हो रही है। इस संबंध में सीएस डा जितेन्द्रनाथ ने कहा कि उनपर विभागीय कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया है। उन्होंने कहा कि वहां प्रशासकीय अधिकारी दूसरे डा को बनाया गया है।

### अजीब अजीब हरकते करते है डॉ. राजेश

जानकारों का कहना है कि वे खुद मानसिक बीमार है तथा अक्सर अजीबो गरीब हरकतें करते रहते है। वे कभी कैंपस के बाहर चबूतरे पर लिट्टी खाते दिखते हैं तो कभी जूते में हरा पेंट लगाते, तो कभी सहकर्मियों के साथ गाली गलौज करते, कभी सिगरेट पीते, कभी पत्थर उठाकर सहकर्मी को मारते नजर आते हैं। जिसका वीडियो भी कई बार वायरल हो चुका है। लेकिन आज तक इन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में उनके द्वारा कभी भी किसी अप्रिय घटना को अंजाम दिया जा सकता है। जिस कारण अस्पताल कर्मियों के साथ ही उनके आदतों से वाकिफ मरीज हमेशा सहमें रहते है।

## सोनवर्षा ओपी व ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र में हुए हादसे, जख्मियों का हो रहा इलाज

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में निजी स्कूल के शिक्षक एवं बस चालक की हुई मौत

**केटी न्यूज/नावानगर/ब्रह्मपुर**



सदर अस्पताल की गेट पर खड़े परिजन

- बारात से लौटने के बाद सड़क पार करने के दौरान गई शिक्षक की जान
- बग्रामीणों ने बताया काफी मिलनसार थे श्रीकांत मिश्र

बुधवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है। जिनमें एक निजी विद्यालय के शिक्षक थे तो दूसरा स्कूली बस का चालक। पहली घटना सोनवर्षा ओपी थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव की है। मृतक श्रीकांत मिश्र उम्र 45 वर्ष स्थानीय गांव के निवासी थे तथा गांव के ही किसी निजी विद्यालय में पढ़ाते थे।

मिली जानकारी के अनुसार वे मंगलवार को भोजपुर जिले में कही शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वहां से लौटने के दौरान बुधवार की अल सुबह करीब तीन बजे अपने गांव के पास बस से उतर रोड क्रॉस कर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आ गए। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

बताया जाता है कि मृतक के दो पुत्र और एक पुत्री है। तीनों अभी नाबालिक है तथा मृतक की निजी विद्यालय में पढ़ा तथा ट्यूशन कर अपने परिवार का संचालन करता था। इस घटना के बाद एक झटके में ही उसका परिवार उजड़ गया है। पूरे परिवार के समक्ष दो वक्त की रोटी का संकट भी खड़ा हो गया है। वहीं मृतक के विधवा के सामने भविष्य की चुनौतियां भी दिखाई पड़ने लगी है। जिस कारण वे रह रहकर अचेत हो जा रही थी। ग्रामीण भी इस घटना से मर्माहत थे। ग्रामीणों की मानें तो वे काफी व्यवहार कुशल थे। इस संबंध में सोनवर्षा ओपी थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि उस वक्त गश्ती टीम समीप ही गश्त लगा रही थी। जैसे ही इस घटना की सूचना मिली तुरंत ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच उन्हें अस्पताल पहुंचाई। लेकिन डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन की पड़ताल की जा रही है।

### बाइक की टक्कर से गई एक व्यक्ति की जान



दूसरी तरफ ब्रह्मपुर प्रतिनिधि के अनुसार रघुनाथपुर ब्रह्मपुर रोड में बुधवार की दोपहर बाइक के धक्के से एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। मृतक श्रीभगवान यादव रामगढ़ का रहने वाला था तथा वह स्थानीय एल पब्लिक स्कूल का बस चालक था। जानकारी के अनुसार वह रघुनाथपुर से ट्रैक्टर पर बैठ ब्रह्मपुर आ रहा था। ग्रामीण बैंक के पास वह ट्रैक्टर से उतर सड़क पार करना चाहा। इसी दौरान एक बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इधर दुर्घटना को अंजाम दे बाइक चालक भागने में सफल रहा। ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि फरार बाइक चालक की पड़ताल की जा रही है। संवाद संप्रेषण तक परिजनों द्वारा इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया था। वहीं, एक ही दिन अनुमंडल क्षेत्र में हुई दो सड़क दुर्घटनाओं के बाद बेलगाम परिचालन पर सवाल उठने लगा है।

## एक नजर

### थाना से हथकड़ी सरका भागे दो शराब तस्कर



**ब्रह्मपुर।** 32 लिटर अंग्रेजी शराब के साथ हिरासत में लिए गए दो तस्कर नैनीजोर थाना परिसर से हथकड़ी सरका भाग गए है। मामला दो दिन पुराना है। बताया जाता है कि नैनीजोर थाने की पुलिस ने गश्ती अभियान के दौरान कोईलवर तटबंध के समीप झकड़ के डेरा के पास बाइक से शराब की खेप लेकर आ रहे महुआर के संदीप यादव पिता हरिनाथ यादव व अशोक यादव पिता महाबीर यादव को पकड़ा था। पुलिस उन्हें लेकर थाना आई तथा हथकड़ी लगा थाना परिसर में संतरी के भरोसे छोड़ दिया था। रात करीब आठ बजे दोनों हथकड़ी सरका फरार हो गए। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। रात से ही पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। बता दें कि नैनिजोर थाना परिसर में हाजत नहीं है। जिस कारण कैदियों को खुले में रखना पड़ता है। इसके पहले भी इस थाना परिसर से शराब तस्कर हथकड़ी सरका फरार हो चुके है। वही इस घटना के बाद पुलिस महकमें के लिए भी कई सवाल खड़े हो रहे है। गौरतलब है कि स्थापना काल से ही इस थाना में हाजत नहीं बनवाया गया है। विभागीय उदासीनता से यहां के पुलिसकर्मियों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में नैनीजोर थानाध्यक्ष मनोज पाठक ने कहा कि संतरी को चकमा दे दोनों फरार हो गए है। उन्होंने कहा कि उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है। उन्हें जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### हथियार दिखा रंगदारी मांगने पर 5 पर केस




**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के डीके कॉलेज रोड स्थित आदर्श नगर में एक महिला के घर मे घुसकर हथियार के बल पर धमकी दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित महिला ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर एक नामजद सहित पांच अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गयी है। पीड़िता आदर्श नगर की रहने वाले शिवजी मिश्र की पत्नी विद्यावती देवी बतायी जाती है। पीड़िता ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि मैं घर पर अकेली थी। इसी दौरान पुराना भोजपुर निवासी भोलू उर्फ गोलू यादव अपने चार दोस्तो के साथ अचानक घर मे घुसकर हथियार तान दिया और धमकी दी कि इस मोहल्ले में घर बनाना है तो दो लाख रुपये दो नही तो अंजाम भुगतना पड़ेगा। आरोपियों ने कई बार कॉल करके भी तरह-तरह के धमकी दी है। इस घटना के बाद पीड़िता ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तब तक सभी फरार हो गये थे। नामजद के इस हरकत से पीड़िता के परिजन दहशत के साये में रहने पर विवश है। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि पीड़िता के आवेदन पर पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। वैसे सूत्रों की मानें तो मामला जमीन विवाद से जुड़ा हो सकता है।

### दूसरे दिन भी शांतिपूर्ण रही मैट्रिक परीक्षा



**बक्सर।** बिहार बोर्ड द्वारा आहूत मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन दोनों पालियों में साइंस की परीक्षा संपन्न हुई। जिले के सभी 28 परीक्षा केन्द्रों पर सख्ती के आलम में दूसरे दिन की परीक्षा भी हुई। इस दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र से किसी परीक्षार्थी को नकल के आरोप में निष्कासित नहीं किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दूसरे दिन पहली पाली में 14495 परीक्षार्थियों को परीक्षा देना था। जिनमें 14343 ने परीक्षा में भाग लिया जबकि 152 अनुपस्थित रहे। वही दूसरी पाली में कुल 14693 परीक्षार्थियों के मुकाबले 14517 ने परीक्षा दिया और 176 अपसेंट रहे। दूसरे दिन डीएम अमन समीर ने डुमरांव अनुमंडल के उच्च विद्यालय चिलहरी, डीएवी स्कूल डुमरांव तथा संत जॉन सेकेन्ड्री स्कूल काली मंदिर रोड डुमरांव में पहुंच परीक्षा का निरीक्षण किए। निरीक्षण के बाद डीएम ने परीक्षा के संचालन पर संतोष जताया। डीएम के अलावे उड़नदस्ता टीम द्वारा भी दर्जनभर से अधिक परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया है। हालांकि कही से भी नकल होने की जानकारी नहीं मिली है। इधर साइंस की परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को सबसे मुश्किल रसायनशास्त्र विषय में हुई। परीक्षार्थी रसायनशास्त्र के सूत्रों को सुलझाने उलझे रहे थे। जिला प्रशासन द्वारा दूसरे दिन की परीक्षा को भी कदाचारमुक्त बताया गया है। इधर लगातार दूसरे दिन परीक्षार्थियों को जाम की समस्या से जूझना पड़ा है।

## आज नियाजीपुर कन्या मध्य विद्यालय का निरीक्षण करेंगे केंद्रीय कर आयुक्त

**केटी न्यूज/डुमरांव**



केन्द्रीय कर आयुक्त पटना डा यशोवर्द्धन पाठक गुरूवार को बक्सर जिले के नियाजीपुर स्थित कन्या मध्य विद्यालय का निरीक्षण करेंगे। वे मूल रूप से इसी गांव के रहने वाले है तथा इस विद्यालय को गोद ले यहां कई तरह के विकास कार्य करवाए है। इसके अलावे समय समय पर यहां पढ़ने वाली छात्राओं को अपने स्तर से छात्रवृति तथा अन्य प्रोत्साहन देते रहते है। वे गुरूवार को खुद स्कूल पहुंच इसकी भौतिक स्थिति तथा छात्राओं को मिली सुविधाओं की जांच करेंगे। कर आयुक्त पटना कार्यालय द्वारा एक पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। वे विद्यालय में स्वच्छता अभियान के तहत कराए गए कार्यो को भी देखेंगे। उनके विद्यालय का निरीक्षण करने की खबर से प्रशासनिक सक्रियता भी बढ़ गई है। गौरतलब है कि वे पिछले कई वर्षों से इस विद्यालय में संसाधनों को बढ़ाने तथा छात्राओं को प्रोत्साहित करने का काम कर रहे है।

## बिजली चोरी में छह पर प्राथिमकी

**कृष्णाब्रह्म।** विद्युत आपूर्ति प्रशाखा नया भोजपुर की टीम ने कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के बड़का दियां गांव में छापेमारी कर मीटर से पहले तार को बाईपास कर बिजली चोरी के आरोप में छह लोगों को चिन्हित किया। चिन्हित किए गए लोगों पर जुमार्ना लगाते हुए स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया। एफआईआर कंपनी के नया भोजपुर जेई चंदन कुमार ने कराया है। मिली जानकारी के अनुसार बड़का दियां के महावीर, विनोद राय, कृष्णा राय, मोतीलाल राय, सहित कुल छह लोगों पर जुमार्ना लगाते हुए बिजली चोरी का केस दर्ज कराया गया है। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

## अपात्र लाभुकों का राशन कार्ड निरस्त करें: एसडीओ

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज ने बुधवार को अनुमंडल के सभी डीलरों के साथ बैठक कर उन्हें अपात्र लाभुकों को खाद्यान्न नहीं देने का निर्देश दिया है। एसडीओ ने बैठक के दौरान बताया है कि वैसे लोग जिनके पास चारपहिया वाहन है या घर में कोई सरकारी नौकरी में उन्हें पीडीएस के तहत मुफ्त अनाज नहीं देना है। इसके अलावे जिनके पास तीन कमरों या इससे अधिक का पक्का मकान है। मासिक वेतन 10 हजार रूपए से अधिक है वैसे लाभुक भी अपात्र की श्रेणी में आएंगे। उन्होंने डीलरों को वैसे अपात्र लाभुकों की सूची बना उनका राशन कार्ड निरस्त करने को कहा है। इसके अलावे उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र लाभुक को चार किलो चावल तथा एक किलो गेहूं का वितरण मुफ्त में करना है। एसडीओ ने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता द्वारा पैसा लेने की शिकायत की गई तो डीलरों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंन नियमपूर्वक पीडीएस दुकान का संचालन करने का निर्देश भी दिया है। बैठक में डुमरांव एमओ विजय कुमार तिवारी, डीलर भुटेश्वर सिंह, पारस सिंह, बैजनाथ यादव, लाल साहेब सिंह, चंद्रदेव सिंह, चंदन कुमार, विनायक पांडेय, शंभू शरण, फागू यादव सहित कई अन्य डीलर मौजूद थे।

## जिले के इटाढ़ी प्रखंड के जिगना गांव में चल रहा श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह

# भक्ति में भाव की शुद्धता जरूरी, दिखावा से दूर होते हैं भगवान

- स्वामी प्रेमाचार्य पीतांबर जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के सार से लोगों को कराया अवगत

**केटी न्यूज/बक्सर**



कथा के बाद स्वामी प्रेमाचार्य पीतांबर जी महाराज का आर्शीवाद लेते श्रद्धालु

भक्ति के मार्ग में चित की शुद्धता बहुत जरूरी है। भगवान दिखावा से दूर होते है। जबकि सच्चें मन से भक्ति करने वालों को भगवान मिल जाते है। उक्त बातें स्वामी प्रेमाचार्य पीतांबर जी महाराज ने जिले के इटाढ़ी प्रखंड के जिगना गांव में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह में प्रवचन के दौरान कही है।

स्वामी जी महाराज ने कहा कि भक्ति केवल निर्मल मन से ही संभव है। हमारे विचार ही हमें श्रेष्ठ बनाते हैं। इसलिए शुद्ध विचार को धारण करना हमारा प्रथम प्रयास होना चाहिए। प्रवचन के दौरान उन्होंने भगवान शिव और सती के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि किसी भी स्थान पर जाने से पहले हमें इस बात का ध्यान अवश्य रखना चाहिए कि जहां हम जा रहे हैं वहां हमारा या हमारे गुरु या किसी अन्य श्रेष्ठ जन का का अपमान तो नहीं हो रहा है। यदि ऐसा होने की आशंका है तो उस स्थान पर न जाना ही श्रेयस्कर है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर अपमानित होना पड़ा था। जिस कारण वे अग्नि में कूद सती हो गई थी।

उन्होंने भक्त ध्रुव की कथा सुनाते हुए कहा कि भक्ति के लिए कोई उम्र नहीं होती है। इसलिए हमें भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए। बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। स्वामी जी ने भक्त ध्रुव के सत्कर्मों की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि ध्रुव की साधना, उनके सत्कर्म तथा ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा के परिणाम स्वरूप ही उन्हें वैकुंठ लोक प्राप्त हुआ। इसलिए हमें अपना तन, मन और धन, सबकुछ भगवान के चरणों में समर्पित कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईश्वर या अपने अराध्य के प्रति सर्वस्व समर्पण ही भक्ति है। उन्होंने भागवत कथा के श्रवण को पापोद्धार व मुक्ति का सर्वेश्रेष्ठ साधन बताया। इसके अलावे आज की कथा में उन्होंने भक्त प्रह्लाद की कथा को भी विस्तार से सुनाया और कहा कि प्रह्लाद की भक्ति के कारण ही भगवान को नरसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रगट होना पड़ा था तथा हिरण्यकश्यप का वध कर प्रह्लाद की रक्षा की थी। स्वामी जी महाराज ने कथाक्रम में महाभारत व रामायण से के कई अन्य रोचक प्रसंगों को सुना श्रोताओं को भाव विह्वल कर दिया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

केशव टाइम्स

बक्सर, 16 फरवरी 2023

बलिया/गाजीपुर/मऊ

website : keshavtimes.com

e-mail : keshavtimes1@gmail.com




## खबरें फटाफट

### छत से गिरकर बुरी तरह घायल युवक की मौत

**मनियर बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के मनियर पहाड़ी रोड वार्ड नंबर 2 निवासी अनिल तुरहा 35 वर्ष पुत्र भीम तुरहा बुधवार को 10 :30 दिन में किसी वजह से छत से नीचे गिर गया था। परिजन उसे आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर ले गए जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल बलिया के लिए रेफर कर दिया। बलिया ज़िला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत करीब 1:00 बजे दिन में हो गई। युवक की मौत का समाचार सुनते ही पत्नी गुड़िया देवी पुत्र अनमोल 7 वर्ष एवं पुत्री कुमारी अप्पी 17 वर्ष का रो-रो कर बुरा हाल है।

### टेंपों ने टेंपों में मारी टक्कर, नौ लोग घायल

**मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के बनियापार के पास बुधवार को सवारी लाद रही एक टेंपो में पीछे से दूसरी टेंपो ने टक्कर मार दी। जिससे पीछे वाला टेंपो सड़क पर गिर गया । जिसमें बैठे नौ लोग बुरी तरह से घायल हो गए। ये विभिन्न जगहों के निवासी अपने-अपने घरों को जा रहे थे। इस बीच आजमगढ़ से सुरहुरपुर जा रहे समाजसेवी एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश कुमार सरोज ने अपने चार पहिया वाहन में चार घायलों को लादकर अपने हॉस्पिटल पर ले गए। बाकी घायलों को आसपास के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार जनपद आजमगढ़ रेलवे स्टेशन से कैफियात ट्रेन से उतरे कुल नौ यात्री स्टेशन के बाहर से एक टेंपो में सवार होकर मुहम्मदाबाद गोहना के लिए रवाना हुए। जैसे ही नौ सवारियों से भरा यह टेंपो चालक मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के बनियापार गांव के पास पहुंचा कि पहले से ही आजमगढ़ के तरफ से जा रही है ऑटो गाड़ी बनियापार में रुक कर सवारी लाद रही थी । इस बीच नौ सवारियों से भरे टेंपो चालक ने सवारी लाद रही टेंपो में जाकर टक्कर मार दी। जिससे पीछे वाला टेंपो सड़क पर गिर गया और उसमें बैठे कुल 9 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। इधर सवारी बैठा रहा टेंपो चालक भाग निकला।

### फाइलेरिया की दवा का वितरण

**बलिया।** जननायक विश्वविद्यालय परिसर में फाइलेरिया के बढ़ते प्रकोप से बचाव कार्यक्रम का आयोजन कुलपति, प्रो. कल्पलता पांडेय के संरक्षण में हुआ। मलेरिया चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार यादव के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक टीम ने फाइलेरिया से बचाव के लिए दवाओं का मुफ्त वितरण किया। इस अभियान में चिकित्सकों की टीम ने प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, छात्रों और श्रमिकों को दवाओं की खुराक दी।

# महाहरधाम में सुरक्षा-व्यवस्था का एसपी ने लिया जायजा, सीसीटीवी से होगी निगरानी

- महाशिवरात्रि के अवसर पर चार दिनों तक महाहरधाम में होता है मेले का आयोजन, लगती है भारी भीड़

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



धर्म और आस्था के पावन स्थल भगवान भोलेनाथ की स्थली महाहर धाम में महाशिवरात्रि के पवित्र अवसर पर दर्शन-पूजन करने आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए तैयारियों का जायजा लेने पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह महाहर धाम पहुँचे। कप्तान ने सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों का बारिकी से निरीक्षण किया। मंदिर समिति के लोग सभी तैयारियों को पूरा करने में जोर-शोर से लगे दिखे।

एसपी ने बताया महाहर धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया जा चुका है। सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता जगह-जगह रहेगी। बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, जल व्यवस्था, प्रकाश, बैरियर, फायर ब्रिगेड, पुलिस, पीएसी भी मौजूद रहेंगी। बता दें कि महाशिवरात्रि के अवसर पर चार दिनों तक महाहरधाम में मेले का आयोजन होता है। जिसको लेकर प्रशासन तैयारियों में लगा हुआ है। इस मौके पर एसपीआरए अभिषेक भारती, क्षेत्राधिकारी बलिराम, थाना प्रभारी राजेश त्रिपाठी, चौकी प्रभारी कौशलेंद्र सिंह, उप निरीक्षक नंदलाल मिश्रा, विवेक पाठक, मंदिर समिति के प्रवीण पटवा, इन्द्रासन सिंह, रामप्रवेश, प्रमोद, रामप्यारे, रामबचन सिंह, वीरेन्द्र सिंह, शिवलाल यादव, मौजनाथ गिरी, धनंजय सिंह, बृजेश सिंह, कन्हैया आदि मौजूद रहे।

### मरदह कस्बा व बस स्टैंड पर किया रूट मार्च

आगामी त्योहारों को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने क्षेत्र के महाहर धाम बाजार व मरदह कस्बे व बाजार, बस स्टैंड पर रूट मार्च किया। इनके साथ काफी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस ने रूट मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। बाजारों में स्थित दुकानदारों से संवाद कर दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए प्रेरित किया गया। **महाशिवरात्रि पर्व पर आपसी सौहार्द बनाने की अपील:** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने लोगों से आपसी सौहार्द से महाशिवरात्रि त्योहार मनाने की अपील की गई। त्योहार आपसी सौहार्द का संदेश देते हैं इसलिए लोगों में शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाना चाहिए। उन्होंने चेताया कि त्योहार में खलल डालने वालों पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### पड़ताल... महाशिवरात्रि पर्व पर लगने वाले मेले के लिए तैयारी में जुटी मंदिर समिति, शासन की पहल नदारद

**गाजीपुर।** क्षेत्र के पौराणिक सिद्धपीठ शिव मंदिर महाहर धाम परिसर में हर वर्ष की तरह इस साल भी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर व्यापक स्तर से तैयारी जोर शोर से मंदिर समिति की ओर से कराई जा रही है। लेकिन अभी तक शासन की तरफ से कोई पहल नहीं की गई। इसकी पड़ताल करने पर देखा गया कि महाहर धाम शिव मंदिर के मुख्य द्वार पर ही खुलेआम मांस और मंदिरा की दुकान सज रही हैं, जहां सुबह से शाम तक अराजकता का माहौल बना रहता है। साथ ही साथ मंदिर परिसर में आने वाली सभी सड़कें बदहाल हैं, दोनों पटरियों पर घास फूंस के साथ ही अतिक्रमण की जद में आ चुकी हैं। ऐसे में महाशिवरात्रि पर्व पर महाहर धाम आने वालों की राह आसान नहीं है। इससे दर्शनार्थियों का दर्शन काफी कष्टकारी सिद्ध होगा। मंदिर में दो इंडिया मार्का टू हैंडपंप महीने से बेपानी हुआ है, जहां शुद्ध पेयजल का भी इंतजाम नहीं दिख रहा। शासन की तरफ से अभी तक कोई ठोस बंदोबस्त नहीं किया गया, जो एक चिंता का विषय है। दूसरी ओर मंदिर समिति के सचिव वीरेंद्र सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि की तैयारियां चल रही हैं। मंदिर की रंगाई-पोताई के साथ-साथ साफ सफाई का कार्य चल रहा है। महाशिवरात्रि के पर्व पर लाखों श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए पहुचते हैं। कमेटी दर्शन पूजन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत परेशानी न हो इसके लिए समिति पूरी चाक चौबंद व्यवस्था करती है। कमेटी का हर सदस्य व्यवस्था को दुरुस्त रखने में अपना भरपूर योगदान देता है।

# 1 करोड़ 70 लाख की हेरोइन के साथ चार तस्कर गिरफ्तार



- अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का गाजीपुर जनपद पुलिस ने किया भंडाफोड़
- स्वाट टीम, सर्विलांस टीम व दिलदारनगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

गाजीपुर जनपद पुलिस ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए राजस्थान, मध्यप्रदेश और यूपी में मादक पदार्थ तस्करी का अवैध कारोबार चलाने वाले 4 तस्करों को 1 करोड़ 70 लाख रुपये की 1700 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कस्बा दिलदारनगर से अंतरराज्यीय शातिर तस्करों वसीम खान, जाफर खान, लाल सिंह और भंवर लाल को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से कुल 1 किलो 700 ग्राम हेरोईन बरामद किया गया है। गिरफ्तार शातिर बदमाशों में वसीम खान और जफर खान गाजीपुर जनपद के रहने वाले हैं, जबकि लाल सिंह राजस्थान व भंवरलाल मध्य प्रदेश का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्कर राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के जनपदों में ऑर्गनाइज तरीके से अवैध तस्करी का कारोबार संचालित कर रहे थे। इस गिरोह के अन्य सदस्यों की छानबीन की जा रही है। स्वॉट टीम, सर्विलांस और थाना दिलदारनगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता हाथ लगी है।

## नि:शुल्क शिक्षा : बीएसए झुके, मनोज राय 'हंस' व अभिभावकों की हुई जीत

# बलिया के निजी स्कूलों में अब ऑफलाइन आवेदन से गरीब छात्रों का होगा दाखिला

**केटी न्यूज/बलिया**



- छात्रों को न्याय दिलाने के लिए पिछले सात दिनों से क्रमिक अनशन पर बैठे थे वरिष्ठ अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता मनोज राय हंस व अभिभावक
- जरूरतमंद छात्रों का दाखिला नजदीक के प्राइवेट विद्यालयों में होगा
- बकाया छात्रवृत्ति एवं फीस प्रतिपूर्ति को जल्द भुगतान कराने की पहल होगी

गुरबत में जीने वाले लोगों के बच्चों को अब निःशुल्क शिक्षा का शत-प्रतिशत लाभ मिलेगा। इन छात्रों को न्याय दिलाने के लिए पिछले सात दिनों से क्रमिक अनशन पर बैठे वरिष्ठ अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता मनोज राय हंस तथा अभिभावकों की अंततः जीत हुई। आंदोलन को व्यापक रूप लेते देख बेसिक शिक्षा विभाग घुटने टेकने पर मजबूर हो गया। आंदोलन कर रहे लोगों की सभी मांगें मान ली गई। इस दौरान बीएसए मनि राम सिंह ने जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, संयोजक अजय मिश्रा, जिला शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, बेसिक शिक्षा विभाग के जिला समन्वयक सौरभ कुमार व सतीश मेहता उपस्थित रहे।

शहीद चौक पर पिछले सात दिनों से चल रहे क्रमिक अनशन के समापन के मौके पर आरटीआई कार्यकर्ता मनोज राय हंस ने बताया कि अब बलिया के 1800 निजी विद्यालयों में भी ऑफलाइन आवेदन के आधार पर गरीब छात्रों का दाखिला होगा, जहां ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था अभी तक नहीं की गई है। इसके लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्वयं लिखित देने का काम किया है। इतना ही नहीं वार्ड और ग्राम पंचायत का भेद भी अब खत्म हो जाएगा और जरूरतमंद छात्रों का दाखिला नजदीक के प्राइवेट विद्यालयों में होगा। ऐसे सभी अभिभावकों को अपने छात्रों के दाखिले के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में आवेदन जमा करना होगा। उन्होंने कहा कि छात्रों के हित से किसी को खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। हर किसी को बेहतर शिक्षा पाने का अधिकार है।

### बीएसए कार्यालय में जमा करना होगा आवेदन

मनोज राय ने बताया कि पिछले चार सालों से निः शुल्क शिक्षा के तहत बकाया छात्रवृत्ति एवं निजी विद्यालयों की फीस प्रतिपूर्ति को भी बहुत जल्द भुगतान कराने का आश्वासन दिया गया। इसके लिए बीएसए ने शासन को पत्र लिखने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि क्रमिक अनशन कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज राय 'हंस' एवं अभिभावकों की सभी मांगे मान ली गई हैं। ऑनलाइन आवेदन न होने की स्थिति में अभिभावकों से ऑफलाइन आवेदन लिया जाएगा। इसे बीएसए कार्यालय में जमा करना होगा, जिसे एक हफ्ते के अंदर ऑनलाइन कराया जाएगा। इतना ही नहीं बकाया छात्रवृत्ति एवं फीस प्रतिपूर्ति को बहुत जल्द भुगतान कराने की पहल की जाएगी। अब वार्ड एवं ग्राम पंचायतों में दाखिले को लेकर कोई भेद नहीं होगा। क्रमिक अनशन पर बैठे अधिकार सेना के प्रदेश महासचिव रितेश पांडेय, आदि ने बेसिक शिक्षा विभाग को इस नेक पहल के लिए धन्यवाद दिया और मनोज राय हंस की जीत को गले से लगाया।

# उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्यों के लिए सम्मानित की गईं प्रधानाध्यापक





**मऊ।** बच्चों को प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा की मूल धारा से जोड़ने हेतु बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहे ' हमारा आंगन हमारे बच्चे ' कार्यक्रम के तहत नगर क्षेत्र के फातिमा मोड़ के पास कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर कंपोजिट विद्यालय रस्तीपुर नगर क्षेत्र की प्रधानाध्यापिका सावित्री देवी को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्यों के लिए स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# निर्माणाधीन महिला चिकित्सालय का निरीक्षण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



डीएम आर्यका अखौनी ने बुधवार को निमार्णाधीन 100 बेड जिला महिला चिकित्सालय का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लगाए गए श्रमिकों की संख्या की जानकारी ली। इसमें बताया कि 72 श्रमिक कार्य कर रहे हैं। जिस पर श्रमिकों को बुलाकर चेक किया एवं बालू एवं सीमेंट के मिश्रण की गुणवत्ता तथा ईंट की गुणवत्ता खराब होने तथा कार्य में धीमी प्रगति पर उन्होंने संबंधित ठेकेदार पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ठेकेदार के भुगतान को रोकने एवं जुर्माना लगाते हुए कार्रवाई संस्था को निर्देश दिया कि संबन्धित ठेकेदार की सिक्योरिटी जब्त की जाए। साथ ही उन्होंने कार्य में तेजी लाते हुए श्रमिकों की संख्या दिन-रात मिलाकर 200 रखा जाय और आदेशित किया कि मुख्य भवन को माह फरवरी 2023 तक प्रत्येक दशा में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

उन्होंने अधि. अभि. पीडब्लूडी सीडी-3 अखिलेश यादव को निर्देश दिया कि मैटेरिलियल की गुणवत्ता की जॉच कराते हुए रिपोर्ट अभिलम्ब प्रस्तुत करने को कहा। कहा कि जितने भी मजदूरों से कार्य कराए जा रहे हैं। उनकी संस्था द्वारा श्रम विभाग में पंजीकरण अवश्य कराया जाए। इस अवसर पर मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य आनन्द मिश्रा, कार्यदाई संस्था के अधि0 अभि0, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नीरज श्रीवास्तव एवं अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### महाशिवरात्रि पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक, आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील

**गड़वार (बलिया):** पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए विशेष अनुपालन में स्थानीय थाना प्रांगड़ में बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के द्दष्टिगत शांति समिति की बैठक आयोजित की गई.इस अवसर पर थाना क्षेत्र के समस्त मंदिरों के पुजारी व महाशिवरात्रि पर्व पर शोभायात्रा व जुलूस निकालने वाले समितियों के अध्यक्षों तथा सदस्यों से थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने शांति से पर्व को आपसी सौहार्द से मनाने की अपील की। कहा कि आप लोग पर्व को पूरे हर्ष व भक्तिभाव से मनाएं। अराजकता करने वालों व त्योहार पर विघ्न व उपद्रव करने वालों के बारे में पुलिस को अवगत कराएं। अराजक तत्वों पर कठोर विधिक कार्यवाई की जाएगी। डीजे बजाने पर रोक है। मौके पर रतसर चौकी प्रभारी गिरिजेश सिंह,गोपाल गुप्ता, सतीश उपाध्याय, रणजीत सिंह,संजय गुप्ता, संदीप यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### उत्पादन एवं उत्पादकता में अधिकाधिक वृद्वि करने वाले कृषक होंगे सम्मानित

**बलिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा ने बताया है कि मा. चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस मनाये जाने की कार्ययोजना प्रस्तावित है। 23 दिसम्बर को क्राप कटिंग से प्राप्त परिणाम के आधार पर किसानों को सम्मानित किया जाता है। कार्ययोजना के अनुसार जनपद में रबी-2022-23 की फसलों गेहूं, चना, मटर, मसूर एवं राई/सरसो में अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषकों को दो पुरस्कार क्रमशः प्रथम व द्वितीय प्रदान किये जायेंगे ताकि जनपद के कृषकों में उत्पादन एवं उत्पादकता में अधिकाधिक वृद्वि करने हेतु प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत हो सके। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आवेदन के लिये इच्छुक कृषक उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी, सदर, बांसडीह, रसड़ा, एवं बैरिया कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं। प्रार्थना पत्र पूर्ण करके कृषक को उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी-सदर, रसड़ा, बांसडीह, एवं बैरिया कार्यालय में रुपए-10 पंजीकरण शुल्क एवं खतौनी व अन्य अभिलेख के साथ 25 फरवरी तक पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण हेतु कृषक के फसल का क्षेत्रफल 0.4 हे. से कम नहीं होना चाहिए। पुरस्कार हेतु चयन पंजीकृत कृषकों के फसल की करायी गयी क्राप कटिंग में प्राप्त उपज परिणाम के आधार पर जनपद स्तर पर गठित समिति द्वारा किया जायेगा। पशुपालन, उद्यान, मत्स्य एवं गन्ना विभाग के क्षेत्र में सर्वाधिक उत्पादन के आधार पर भी कृषकों का चयन किया जाना है। उक्त क्षेत्र में रूचि रखने वाले कृषक पशुपालन, उद्यान, मत्स्य एवं गन्ना विभाग के कार्यालय से सम्पर्क करते हुये आवेदन कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

## जनसंख्या वृद्धि दर रोकने की दिशा में अनोखी पहल : सास-बहू सम्मेलनों के आयोजनों से आ रही जागरुकता

# सास-बहू का मिला साथ, जनसंख्या स्थिरीकरण का हो रहा प्रयास

**केटी न्यूज/मऊ**

- एएनएम और आशा संगिनी सास-बहुओं से चर्चा कर उन्हें छोटा परिवार होने के बता रही फायदे
- जनपद के सभी नौ ब्लाकों में 1,868 सम्मलेन का किया गया आयोजन

**लाभार्थी-1** रानीपुर ब्लाक के कम्युनिटी हेल्थ सेंटर चितविश्वा से सास प्रतिभा जिनकी उम्र 53 साल है, वह अपनी बहू रीना 29, बेटे अरुण 32 के साथ इस सम्मेलन में आई। उन्होंने बताया कि मेरे साथ बहू और बेटे को परिवार नियोजन की सही जानकारी मिली।

**लाभार्थी-2** रानीपुर ब्लॉक के कमलसेनपुर की सास मुन्नी देवी अपनी बहू अंशु के साथ इस सम्मेलन में सम्मिलित हुई। उन्होंने बताया कि यहां पर काफी जानकारी दी गई कि शादी के बाद बच्चे प्लान करने, उसके बाद 2 बच्चों में अंतर के साथ उनकी देखभाल कैसे करेंगे।

जनसंख्या स्थिरीकरण और इसके लिए आमजन को जागरूक करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जनपद के गांव- गांव में सास-बहू सम्मेलनों का आयोजन कर रहा है। इनआयोजनों से लोगो में छोटे परिवार केलाभों के प्रति जागरूकता आ रही है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेश अग्रवाल ने दी।

उन्होंने बताया कि गांव-गांव में सास-बहू सम्मेलनों के आयोजन में गांव की सास व बहू भी शामिल हो रही हैं। एएनएम और आशा संगिनी गांव में रहने वाली सास-बहुओं से खुलकर चर्चा कर उनको समझा रही हैं कि छोटा परिवार होने से क्या-क्या फायदे हो सकते हैं। सास-बहू को उनकी ही स्थानीय भाषा में एएनएम, आशा समझाती हैं कि वह अपना परिवार छोटा किस प्रकार रख सकती है। किन साधनों का प्रयोग कर सकती हैं। साथ ही प्रयास होता है की सास भी बहू को छोटा परिवार रखने के प्रति जागरूक करें और मानसिक रूप से उसको सहयोग प्रदान करें। इस सम्मेलन में उनका संवेदीकरण किया जाता है।

परिवार नियोजन कल्याण के नोडल डॉ बी.के यादव ने बताया कि एएनएम व आशा सम्मेलन में परिवार स्थिरीकरण, स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ भ्रांतियों को भी दूर करने का प्रयास करती है। सास-बहू परिवार नियोजन संबंधी अपने अनुभवों को साझा कर सम्मेलन के माध्यम से गांव की महिलाओं में परिवार स्थिरीकरण के प्रति जागरूकता को बढ़ाने का प्रयास करती है। डिस्ट्रिक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर (डीसीपीएम) संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सास बहू सम्मेलन में सीमित परिवार के लाभ, विवाह की सही आयु, विवाह के बाद कम से कम दो साल के बाद पहला बच्चा, पहले और दूसरे बच्चे में कम से कम तीन साल का अंतर। परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधनों के बारे में पूर्ण जानकारी। परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत दी जाने वाली क्षतिपूर्ति राशि एवं परिवार कल्याण के स्थाई व अस्थाई साधनों को अपनाने की जानकारी दी जा रही है।

डीसीपीएम ने बताया कि 10 जनवरी से प्रारंभ इस सास-बहू सम्मेलन में जनपद के सभी नौ ब्लाकों में कुल 1,868 सम्मलेन का आयोजन किया गया है, जिसमें अब तक 5604 सास ने 7,472 बहू-बेटे के जोड़ों ने प्रतिभाग किया जिसमें लक्षित 24,284 के सापेक्ष 20,584 सास-बहू-बेटे ने सम्मेलन में भाग लिया जो कुल 83 प्रतिशत रहा है।